# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2006 सत्र

## सोमवार, दिनांक 27 मार्च, 2006

## तारांकित प्रश्नोत्तर

पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के पत्थलगांव-कापू मार्ग के डामरीकरण हेतु

1. ( *क्र. 2457) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत रायगढ़ जिले के पत्थलगांव-कापू मार्ग में मान नदी से कापू तक 11 कि.मी. मार्ग के लिए वर्ष 2005-06 में कितना आवंटन प्राप्त हुआ है ? (ख) प्राप्त राशि से किस कार्य हेतु कितना व्यय किया गया ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) आवंटन मार्गवार प्राप्त नहीं होता. (ख) प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रचलित है अत: कोई राशि व्यय नहीं किया गया है.

राज्य में पदस्थ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों पर जांच के लंबित प्रकरण

2. ( *क्र. 2437) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन में पदस्थ भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) कैडर के कितने अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच आर्थिक अपराध के संबंध में जांच तथा असत्य प्रमाणों के आधार पर पदोन्नति एवं पुलिस मेडल प्राप्त करने के आधार पर जांच वर्तमान में लंबित है ? अधिकारियों के नाम एवं प्रभार सहित जानकारी दें ? (ख) राज्य शासन में पदस्थ कितने आई.पी.एस. अधिकारियों के विरुद्ध लोकायुक्त अथवा न्यायिक जांच लंबित है नाम बतायें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) छत्तीसगढ़ में पदस्थ भापुसे संवर्ग के किसी भी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच लंबित नहीं है. किसी भी अधिकारी के विरुद्ध आर्थिक अपराध, असत्य प्रमाणों के आधार पर पदोन्नति, एवं असत्य प्रमाणों के आधार पर पुलिस मैडल प्राप्त करने के संबंध में वर्तमान में जांच लंबित नहीं है. (ख) श्री राजकुमार देवांगन, भापुसे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा वर्तमान पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर के विरुद्ध अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सक्ती द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 166/99 में पारित आदेश, एवं श्री एस. आर. पी. कल्लूरी, भापुसे, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, जशपुर वर्तमान पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर के विरुद्ध याचिका क्रमांक 30/2001 में पारित आदेश अनुसार जांच की कार्यवाही की जा रही है.

जिला महासमुन्द अंतर्गत सरायपाली, भवरपुर, साजापाली मार्ग के डामरीकरण हेतु स्वीकृत राशि

3. ( *क्र. 2313) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के अंतर्गत सरायपाली से भंवरपुर बड़े साजापाली मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण का कार्य कब प्रारंभ किया गया तथा कितनी राशि कब-कब स्वीकृत की गई ? (ख) कार्य कब पूर्ण होगा तथा एजेंसी का नाम क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 31-1-2006 को प्रारंभ. राशि 249.67 लाख रुपये दिनांक 6-8-2005 को स्वीकृत. (ख) दिनांक 30-7-2007 को पूर्ण होने की संभावना. एजेंसी-मे. रायपुर कन्स्ट्रक्शन, रायपुर.

कोरबा जिले में स्थापित गोदामों की जानकारी

4. (*क्र. 2450) **श्री रामदयाल उइके :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के अंतर्गत कुल कितने सोसायटी गोदाम है ? स्थानवार विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कितने गोदामें में स्वयं का भवन है, गोदामवार, स्थानवार जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) कोरबा जिले के अंतर्गत कुल 50 सोसाइटी गोदाम है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम-5 में दर्शित है.

बेलाहीघाट पुल निर्माण संबंधी जानकारी

5. (*क्र. 2552) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की महानदी पर बेलाहीघाट पुल निर्माण का ठेका किस ठेकेदार को, कितनी लागत राशि में कब दिया गया था तथा कितना भुगतान कर दिया गया है ? (ख) क्या उक्त पुल निर्माण का पुन: ठेका दिया गया है ? यदि हां, तो किस ठेकेदार को, कब एवं कितनी राशि का दिया गया है ? क्या यह सही है कि नया ठेका दिए जाने के बाद उक्त पुल के डिजाइन में परिवर्तन करके पीलर्स की संख्या दोगुनी कर दी गई है ? यदि हां, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) मे. सूर्या इंफ्रास्ट्रक्चर हैदराबाद को रु. 237.00 लाख में दिनांक 20-12-2002 को ठेका दिया गया था. ठेकेदार को कुल रु. 80,55,863.00 का भुगतान किया गया है. (ख) जी हां. शेष कार्य हेतु मेसर्स गोरधनदास गोबिन्दराम को दिनांक 3-6-2005 को रु. 289.49 लाख में ठेका दिया गया है. जी हां. अनुबंध में निहित प्रावधानों के तहत कार्य स्थल में आवश्यकतानुसार रूपांकन में संशोधन किया गया है.

अविनाश ऑयल मिल बोदरी के अपसर्जित पदार्थ का निस्तारण

6. (*क्र. 1327) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले के अंतर्गत ग्राम बोदरी में स्थित अविनाश ऑयल मिल से किस-किस अवशिष्ट पदार्थों का अपसर्जन प्रतिदिन कितनी मात्रा में होता है तथा अपसर्जित पदार्थों का निस्तारण कैसे किया जाता है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : बिलासपुर जिले में ग्राम बोदरी स्थित अविनाश ऑयल मिल से अपसर्जित होने वाले अवशिष्ट पदार्थों की मात्रा एवं अपसर्जित पदार्थों के निस्तारण का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | अवशिष्टों के प्रकार | प्रतिदिन मात्रा (लगभग) | अपवहन व्यवस्था |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्पादन प्रक्रिया में कूलिंग (शीतलीकरण) तथा वाशिंग से उत्पन्न दूषित जल. | 12 कि.ली./दिन | उपचार के उपरांत प्रक्रिया में पुन: उपयोग किया जाता है. |
| 2. | राखड़ | 2 टन/दिन | ईंट निर्माताओं को प्रदाय किया जाता है. |

पूर्व विधायकों को शासकीय आवास आवंटन का प्रावधान

7. (*क्र. 2594) **श्री संजय ढीढी :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने ऐसे पूर्व विधायक है, जिन्हें 2003 विधान सभा चुनाव के बाद शासकीय आवास आवंटित है ? उनके नाम व पता सहित जानकारी दें ? (ख) क्या पूर्व विधायकों को शासकीय आवास देने का प्रावधान है ? (ग) यदि पूर्व विधायकों को आवास आवंटित है, या उनके द्वारा आवास खाली नहीं किया गया है, तो उसे कब तक खाली कराया जाएगा ?

---

† परिशिष्ट ''एक''

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता.

विधायकों हेतु आवास निर्माण के संबंध में

8. (*क्र. 2301) **श्री कमलभान सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्यों हेतु नवीन विधायक विश्राम गृह का निर्माण कब तक किया जावेगा ? (ख) विलम्ब के क्या कारण हैं ? अद्यतन स्थिति क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) निश्चित तिथि बतलाना संभव नहीं है. (ख) भूमि में अतिक्रमण है. माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है.

कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों को पक्की सड़क से जोड़ने बाबत

9. (*क्र. 2548) **श्री बोधराम कंवर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला-कोरबा में 500 से अधिक तथा 250 से 500 के बीच जनसंख्या वाले कितने ग्राम हैं, जो पक्की सड़क से नहीं जुड़े हैं ? (ख) वर्ष 2005-2006 में कितने ग्रामों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था तथा कितने ग्रामों को पक्की सड़क से जोड़ा गया ? (ग) शेष ग्रामों को पक्की सड़क से कब तक जोड़ा जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) 500 से अधिक जनसंख्या के 37 ग्राम, 250 से 500 के बीच जनसंख्या के 17 ग्राम एवं गैर राजस्व ग्राम के 2 ग्राम, कुल 56 ग्राम. (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 26 ग्राम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा 2 ग्राम, कुल 28 ग्राम जोड़ने का लक्ष्य है. पक्की सड़क से जोड़े गये ग्रामों की संख्या निरंक है. (ग) निश्चित तिथि बतलाना संभव नहीं.

सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों पर नक्सली हमले के संबंध में

10. (*क्र. 2490) **श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजनांदगांव जिले के छुरिया थानांतर्गत जनवरी, 2005 में पंचायत चुनाव के दौरान चुनाव हेतु सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों पर नक्सली हमला हुआ था ? (ख) क्या यह सत्य है कि उक्त घटना में एक पुलिसकर्मी शहीद हुआ था एवं एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ था ? यदि हां, तो क्या शहीद के परिवार को मुआवजा का भुगतान कर दिया है ? यदि हां, तो कितना ? (ग) गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी को क्या सहायता दी गई?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) जी हां. (ख) जी हां. शहीद पुलिस कर्मी आरक्षक 411 सोहन लाल कतलम के आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये विशेष अनुग्रह राशि, पुलिस परोपकार निधि से 1.00 लाख रुपये, समूह बीमा योजना से 1.50 लाख रुपये एवं 16,164/- रुपये, अनुग्रह राशि 23,700/- रुपये, अवकाश नकदीकरण राशि 50,240/- रुपये, विभागीय भविष्य निधि से 1,25,218/- रुपये, चुनाव बीमा राशि 3.00 लाख रुपये प्रदान की गई है. (ग) उक्त घटना में घायल आरक्षक क्रमांक 428 वेदराम चन्द्रवंशी को पुलिस विभाग द्वारा संकट निधि 25,000/- रुपये प्रदान की गई है. छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग, महानदी खंड मंत्रालय परिसर, रायपुर के पत्र क्रमांक-एफ/71/रा.नि.अ./कर्म. बीमा/05 (3395) रायपुर दिनांक 7-7-2005 के द्वारा आरक्षक का बीमा प्रकरण अमान्य किया गया. घायल आरक्षक वेदराम चन्द्रवंशी के चिकित्सा देयक राशि 23,011/- रुपये का भुगतान कर दिया गया है. रुपये 4,544/- का चिकित्सा देयक संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर में विचाराधीन है.

दन्तेवाड़ा जिले में सलवा जुडूम आन्दोलन की जानकारी

11. (*क्र. 2243) **श्री लच्छुराम कश्यप :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या अति संवदेनशील जिला दन्तेवाड़ा में आदिवासी अपने अधिकारों के प्रति दिनांक 21-6-2005 से स्व. स्फूर्त सलवा जुडूम आन्दोलन चला रहे हैं ? (ख) कितने शिविरों में आदिवासियों को कहां-कहां रखा गया है ? (ग) क्या सलवा जुडूम से संबंधित लोगों की हत्या हुई है ? यदि हां, तो दिनांक 30-6-2005 से 31-1-2006 तक कितने लोगों की हत्या हुई है ?

---

† परिशिष्ट "दो"

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. दिनांक 6-6-2005 से. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ग) जी हां. 106 लोगों की.

दिनांक 27 फरवरी, 2006 को घटित नक्सली घटना के संबंध में जानकारी

12. (*क्र. 2574) **श्री उदय मुदलियार :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला दन्तेवाड़ा के अंतर्गत कोंटा के पास ग्राम दरभागुड़ा में 27 फरवरी, 2006 को नक्सलियों द्वारा किये गये बम विस्फोट में कुल कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं कितने घायल हुए और कितने लापता है ? (ख) मृत एवं घायल परिवारों को शासन द्वारा कितना मुआवजा दिया गया ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) दिनांक 28 फरवरी 2006 को जिला दन्तेवाड़ा के थाना एर्राबोर अंतर्गत ग्राम दरभागुड़ा के समीप नक्सलियों द्वारा किये गये बम विस्फोट से 28 व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं 27 व्यक्ति घायल हुये. उक्त घटना में लापता होने की कोई सूचना नहीं है. (ख) उक्त घटना में मारे गये 28 में से 27 नागरिकों के आश्रित परिवार को दो-दो लाख रुपये सहायता राशि दी गई है तथा 1 प्रकरण कलेक्टर दन्तेवाड़ा के पास लंबित है एवं 27 घायल ग्रामीणों को 30-30 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ में स्थापित सीमेंट फैक्ट्रियों में उत्पादन की स्थिति

13. (*क्र. 1823) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित सीमेंट फैक्ट्रियों में प्रतिदिन उत्पादन क्षमता कितनी है ? (ख) क्या वर्ष 2005-06 की अवधि में सीमेन्ट उत्पादन में कमी आई है ? यदि हां, तो क्या कारण है ? (ग) वर्ष 2005-06 में सीमेंट के दामों में कितनी बार वृद्धि की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित सीमेन्ट फैक्ट्रियों में प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 32258.5 मे. टन है. फैक्ट्रीवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 में दर्शित है. (ख) जी नहीं. (ग) वर्ष 2005-06 में सीमेन्ट के दाम में अलग-अलग फैक्ट्रियों द्वारा अलग-अलग बार वृद्धि की गई. फैक्ट्रीवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 में दर्शित है.

कारीडोर अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी

14. (*क्र. 2575) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कारीडोर योजना के अंतर्गत कितनी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है ? (ख) इन सड़कों को स्वीकृति कब-कब दी गई और 28 फरवरी, 2006 तक कितनी राशि का भुगतान किया गया एवं कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) कुल 6 सड़कों का. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार.

धमधा में तहसील भवन का निर्माण

15. (*क्र. 2239) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा में तहसील भवन निर्माण हेतु स्वीकृति कब दी गई थी एवं स्वीकृति के बाद कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया ? वर्षवार जानकारी दें ? (ख) भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) म. प्र. शासन राजस्व विभाग, भोपाल द्वारा दिनांक 20-10-1997 द्वारा दी गई थी, वर्षवार प्रावधान निम्नानुसार है :—

| क्र. | वर्ष | बजट प्रावधान (लाख में) | आवंटन (लाख में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | 1998-1999 | – | – |
| 2. | 1999-2000 | – | – |

† परिशिष्ट ''तीन''

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 3. | 2000–2001 | 5.00 | – |
| 4. | 2001–2002 | 5.00 | – |
| 5. | 2002–2003 | – | – |
| 6. | 2003–2004 | – | – |
| 7. | 2004–2005 | 2.00 | 5.00 |
| 8. | 2005–2006 | 1.00 | – |

(ख) निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है.

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 2450) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**कोरबा जिले में स्थापित सोसाइटी गोदामों एवं स्वयं के गोदामों की जानकारी**

| क्र. (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | स्थान का नाम (3) | गोदामों की संख्या (4) | रिमार्क (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोरबा | कोरबा | 1 | स्वयं का |
| 2. | | भेसमा | 1 | स्वयं का |
| 3. | | यांग | 1 | स्वयं का |
| 4. | | कोरकोमा | 1 | स्वयं का |
| 5. | | दुरपा (कनवेरी) | 1 | स्वयं का |
| 6. | कटघोरा | कटघोरा | 1 | स्वयं का |
| 7. | | भिलाई बाजार | 1 | स्वयं का |
| 8. | | जवाली | 1 | स्वयं का |
| 9. | | छुरीकला | 1 | स्वयं का |
| 10. | पाली | पाली | 2 | स्वयं का |
| 11. | | पोंडी | 1 | स्वयं का |
| 12. | | लाफा | 1 | स्वयं का |
| 13. | | चैतमा | - | |
| 14. | | उतरदा | 1 | स्वयं का |
| 15. | | हरदीबाजार | 1 | स्वयं का |
| 16. | करतला | बरपाली | 1 | स्वयं का |
| 17. | | सोहागपुर | 1 | स्वयं का |
| 18. | | सुखरीकला | 1 | स्वयं का |
| 19. | | चिकनीपाली | 1 | स्वयं का |
| 20. | | रामपुर | 1 | स्वयं का |
| 21. | | करतला | 1 | स्वयं का |
| 22. | पोडीउपरोडा | पोंडी उपरोड़ा | 1 | स्वयं का |
| 23. | | कोरबी | 1 | स्वयं का |
| 24. | | सिरमिना | 1 | स्वयं का |
| 25. | | जटगा | 1 | स्वयं का |
| 26. | | पसान | 1 | स्वयं का |
| 27. | | बिंझरा | 1 | स्वयं का |

**विपणन संघ के गोदाम**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | कोरबा | उरगा | 1 | किराये से |
| 29. | कटघोरा | कटघोरा | 4 | स्वयं का |
| 30. | पोड़ी उपरोड़ा | पोड़ी उपरोड़ा | 1 | स्वयं का (खराब) |

**जिला वनोपज सहकारी संघ के गोदाम**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31. | कोरबा | कोरबा | 7 | स्वयं का |
| 32. | | कदमुरा | 1 | स्वयं का |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 33. | कोरबा | लेमरू | 1 | स्वयं का (बंद) |
| 34. | कटघोरा | कसनिया | 3 | स्वयं का |
| 35. | | पाली | 2 | स्वयं का |
| 36. | पोड़ी उपरोडा | जडगा | 1 | स्वयं का |
| 37. | | मोरगा | 1 | स्वयं का |
| 38. | | पसान | 1 | स्वयं का |
| | | | कुल योग 50 | |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 07 (क्र. 2594) के भाग (क) की जानकारी ]

| स. क्र. (1) | आवंटिती का नाम (2) | आवास क्रमांक (3) | आवास आवंटन का प्रावधान (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | मान. श्री नंदकुमार साय पूर्व नेता प्रतिपक्ष छ. ग. विधान सभा. | अधीक्षक आवास केन्द्रीय जेल रायपुर | आवास आवंटन नियम 10 (2) के प्राव-धानानुसार गणमान्य व्यक्ति के रूप में उच्च स्तरीय समिति द्वारा पूर्व आवंटन आदेश दि 23-11-01 को निरन्तर रखते हुये. |
| 2. | मान. श्री रमेश बैस, सांसद लोक सभा क्षेत्र रायपुर. | बी टाईप आकाशवाणी के पास रायपुर | आवास आवंटन नियम 10 (2) के प्राव-धानानुसार गणमान्य व्यक्ति के रूप में उच्च स्तरीय समिति द्वारा आवास आवंटन आदेश दि 26-2-04 निरंतर रखते हुये. |
| 3. | मान. श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी (पूर्व मुख्यमंत्री छ. ग.). | सागोन बंगला | पूर्व मुख्यमंत्री की हैसियत से |
| 4. | मान. श्री पवन दीवान अध्यक्ष छ.ग. गौ सेवा आयोग. | ई 13 शांतिनगर | अध्यक्ष छ. ग. गौ सेवा आयोग की हैसियत से. |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 2243) के भाग (ख) की जानकारी ]

### सलवा जुडूम शिविरों के संबंध में जानकारी

जिला - बीजापुर

| क्रमांक | विकासखण्ड | शिविरों की संख्या | शिविर स्थापित ग्राम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | भैरमगढ़ | 1 | भैरमगढ़ (थाना) |
| | | 2 | बांगापाल |
| | | 3 | नेलसनार (थाना) |
| | | 4 | मिरतपुर (थाना) |
| | | 5 | माटवाड़ा |
| | | 6 | कुटरू (थाना) |
| | | 7 | फरसेगढ़ (थाना) |
| | | 8 | पिनकोण्डा |
| | | 9 | कोडोली |
| | | 10 | करेकेली |
| | | 11 | बोदली |
| | | 12 | बेदरे (थाना) |
| | | 13 | जांगला (थाना) |
| | | 14 | इताम कुडुम |
| 2. | बीजापुर | 15 | चेरपाल |
| | | 16 | गंगालूर (थाना) |
| | | 17 | बीजापुर (थाना) |
| 3. | उसूर | 18 | मुरदण्डा |
| | | 19 | आवापल्ली (चौकी) |
| | | 20 | बासागुड़ा (थाना) |
| | | 21 | उसूर (थाना) |
| **जिला-दंतेवाड़ा** | | | |
| 4. | गीदम (दन्तेवाड़ा) | 22 | गीदम (थाना) |
| | | 23 | दन्तेवाड़ा (थाना) |
| | | 24 | फरसपाल |
| | | 25 | कोण्टा (थाना) |
| | | 26 | एर्राबोर (थाना) |
| | | 27 | दोरनापाल (थाना) |